धन्यवाद दिवस 2022

प्यांरे भाईयों और बहनों,

जैसे–जैसे हम अपने चर्च धन्यवाद दिवस, रविवार, 2 अक्टूबर, 2022 के नजदीक आ रहे हैं, हमारे पास इस विषय पर चिंतन करने का अवसर है, कि हम किस लिए धन्यवादित हैं: हमारा विश्वास, परिवार, मित्र और हमारे जीवन में कई गुना आशीष।

अक्सर हमारा धन्यवाद अतीत और वर्तमान को समाहित कर लेता है जो पहले से ही परमेश्वर को धन्यवाद देने के लिए पर्याप्त कारण प्रदान करता है!

मैं चाहता हूँ कि हम भविष्य की ओर देखें, जो हमारे धन्यवाद के लिए और भी अधिक औचित्य रखता है। कुछ भी हमारे जीवन में, जैसा आज हमारे पास है, की तुलना उससे नहीं कर सकता, जो कुछ हमारे त्रिएक परमेश्वर ने हमारे भविष्य के लिए रखा है। आइए हम परमेश्वर की उद्धार की योजना के विषय में सोचें कि वास्तव में हमारे और समस्त मानव जाति के लिए परमेश्वर के मन में क्या है। परमेश्वर निम्न करेगाः

1) हमें उसके साथ एक पूर्ण संगति में ले जाएगा
2) पुनुरुतिथ शरीर प्रदान करेगा – पूर्णतया परिपूर्ण
3) हमें मसीह के साथ मिलकर सेवा करने की अनुमति देगा
4) हमें मसीह की तरह परिपूर्ण बनाएं – उनकी छवि और स्वभाव
5) हमें अपने प्रियजनों के साथ फिर से मिलाएँ
6) सभी दुखों, पीड़ाओं, पापों, बुराइयों को दूर करेगा और जहाँ प्रेम का शासन होगा, वहाँ पूर्ण शांति प्रदान करेगा
7) हमें एक परिपूर्ण, नई सृष्टि देगा

आइए हम समय निकालें और स्वयं को अपने भविष्य, अपने त्रिएक परमेश्वर, उद्धार की योजना में गहनता से लिप्त रखें, तथा प्रत्येक के नियत समय पर, हमारे लिए और वास्तव में समस्त मानव जाति के लिए इसका क्या अर्थ है इसे देखें। परमेश्वर का प्रेम उसके पुत्र को भेजने से सिद्ध हुआ है। यीशु मसीह आपके और मेरे लिए मरा और उसने हमें दिखाया कि वह हमसे प्रेम करता है, और उसने अपनी योग्यता व महिमा को हमारे साथ साझा करने का वादा किया है।

परमेश्वर हमें सब कुछ देना चाहता है, वह हमारे भविष्य को सुरक्षित करना चाहता है और वास्तव में इसके एवज में छोटी सी आशा रखता है, हमसे कोई बहुत बड़ा बलिदान नहीं मांगा जाता है, मात्र हमारा विश्वास, भरोसा और उसके लिए हमारा प्रेम।

जब हमारा प्रेम सक्रिय होता है तो हम डिवाइन सर्विस में संगति के लिए इकट्ठा होना कठिन नहीं समझते, हम ईश्वर और अपने पड़ोसी के प्रति अपने प्रेम को ठोस रीति से व्यक्त करने के तरीके खोजते हैं और हम अपने वरदानों के साथ प्रभु की सेवा करने में सक्रिय होते हैं।

''मसीह में एक साथ'' वर्ष के लिए सिर्फ एक आदर्श वाक्य से अधिक है; कदम दर कदम यह है कि हम कौन, क्या और कहाँ बने रहना चाहते हैं। यह अतीत, वर्तमान और यह भविष्य है जहाँ हम हमेशा के लिए मसीह के साथ एक पूर्ण स्थिति में रहेंगे।

आपको और आपके प्रियजनों को आशीषित धन्यवाद दिवस की शुभकामनाएं,

मार्क वोल